प्रेस विज्ञप्ति

रायपुर, दिनांक 20 फरवरी, 2014

-अमैरा (जिला बलौदा बाजार) एवं चटौद (आरंग) विद्यालय केविद्यार्थियों ने विधानसभा की कार्यवाही का अवलोकन किया

-विधानसभा अध्यक्ष श्री गौरीशंकर अग्रवाल एवं मुख्यमंत्री डॉ. रमन सिंह से भेंट की

- राजमंहत जगतू सोनवानी शास. उच्चतर माध्य. विद्यालय, अमैरा, जिला-बलौदा बाजार एवं शासकीय हाईस्कूल, चटौद (आरंग) के विद्यार्थियों ने आज विधानसभा की प्रश्न एवं ध्यानाकर्षण काल की कार्यवाही का अवलोकन किया। कार्यवाही अवलोकन पश्चात् इन्होने विधानसभा परिसर में विधानसभा अध्यक्ष श्री गौरीशंकर अग्रवाल एवं मुख्य मंत्री डॉ.रमन सिंह से भेंट की। इस अवसर पर आरंग के विधायक श्री नवीन मारकण्डे एवं विधानसभा के प्रमुख सचिव श्री देवेन्द्र वर्मा भी उपस्थित थे।

इस अवसर पर अपने उद्‌बोधन में विधानसभा अध्यक्ष श्री गौरीशंकर अग्रवाल ने कहा कि विधानसभा प्रदेश की सर्वोच्च पंचायत होती है। विधानसभा प्रदेश की सर्वोच्च जनप्रतिनिधि सभा होने के कारण विधि निर्माण संस्था होने के अतिरिक्त कार्यपालिका के कार्यो पर सत्त निगरानी का कार्य भी करती है। विधानसभा में सरकार के माध्यम से जनता के हित में कार्यवाही संचालित हो यह सुनिश्चित किया जाता है। जनता की आवाज को मुखर करने का दायित्व पक्ष एवं प्रतिपक्ष दोनों का होता है इसलिए विधानसभा अध्यक्ष को निष्पक्ष ढंग से कार्यवाही को संचालित करते हुए सभी

मान. सदस्यों को अपनी बात रखने का अवसर प्रदान करना होता है। शून्यकाल का महत्व बताते हुए उन्होने कहा कि-यदि प्रदेश स्तर पर कोई ऐसी घटना हो जाए जिसकी सूचना सदन को दी जाना आवश्यक हो तो शून्यकाल मे मान. सदस्य उस सूचना को सभा में रख सकते हैं। उन्होने कहा कि- जिस विधानसभा क्षेत्र का सदस्य जितना अधिक जागरूक होगा उस क्षेत्र की समस्याएं उतनी जल्दी दूर होती हैं। श्री अग्रवाल ने कहा कि- महाविद्यालय के विद्यार्थियों एवं युवाओं को विधानसभा की कार्यवाही को नजदीक से देखने का अवसर देने का उद्देश्य यह है कि युवा जनता से जुडे मामलों का समझकर जनता का नेतृत्व करें।

इस अवसर पर विधानसभा के प्रमुख सचिव श्री देवेन्द्र वर्मा ने कहा कि- सरकार की जवाबदेही सुनिश्चित करने के लिए विधानसभा में 18 समितियां कार्य करती है। इन बैठकों में शासन के विभिन्न विभागों का परीक्षण किया जाता है तथा समितियों द्वारा प्रतिवेदन सभा में प्रस्तुत किया जाता है।